Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up a Bauxite based factory at Lohardaga or Gumla district in Jharkhand-laid.

श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा): जैसा कि आपको विदित है, लोहरदगा संसदीय क्षेत्र जनजाति बहुल, ग्रामीण अंचल वाला क्षेत्र है । रत्न गर्भा धरती होने के बावजूद भी यह क्षेत्र आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है 1 कृषि ही आय का प्रमुख श्रोत है, यहां से रोजगार के अभाव में लोग अधिकतर पलायन करने को मजबूर हैं 1

लोहरदगा में बॉक्साइट प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, और यहाँ से खनन कर कहीं अन्यत्र उसकी प्रोसेसिंग की जाती है 1 जिसके कारण यहाँ ट्रकों का बहुतायत में आवागमन, यहाँ प्रदूषण को बढ़ाने के साथ-साथ, यहां की कानून व्यवस्था के लिए भी चुनौती बना हुआ है 1 मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं, लोहरदगा व गुमला जिले में कहीं भी उपयुक्त स्थान चिन्हित कर बॉक्साइट आधारित एक बड़े कारखाने की स्थापना व संचालन भारत सरकार द्वारा किया जाना चाहिए, जिससे कि यहाँ के लोगों को प्रचुर मात्रा में रोजगार मिल सके । यहां से पलायन रुक सके और इस क्षेत्र के लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार आ सके 1 आशा है मेरी इस मांग को सरकार स्वीकार अवश्य करेगी 1 आपका बहुत बहुत धन्यवाद 1